**विधान परिषद के तृतीय सत्र-2024 के प्रथम मंगलवार के लिए निर्धारित श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-12 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 12 (क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित प्राइमरी पाठशालाओं में दिनांक 01 अप्रैल, 2005 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को अन्य विभागों के अनुदानित शिक्षकों की भांति पेंशन, पारिवारिक पेंशन की सुविधा प्रदान करने के संबंध में उत्तर प्रदेश शिक्षक महासंघ का मुख्य मंत्री को संबोधित पत्र दिनांक 01 सितम्बर, 2024 प्राप्त हुआ है? | नहीं।<br>उक्त पत्र मा0 विधायक जी से सम्पर्क कर प्राप्त किया गया। |
| (ख) यदि हॉ, तो उक्त पत्र में किन-किन बिन्दुओं का उल्लेख कर कार्यवाही की मांग की गयी है? | उक्त पत्र द्वारा शिक्षा विभाग तथा अन्य विभागों द्वारा सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों की भांति समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित प्राइमरी पाठशालाओं में 01.04.2005 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन, पारिवारिक पेंशन का लाभ प्रदान किये जाने की मांग की गयी है। |
| (ग) उक्त पत्र पर क्या कार्यवाही की गयी है? | उक्त पत्र निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0 को परीक्षण एवं कार्यवाही हेतु भेजा गया है। परीक्षणोंपरान्त निर्णय लिया जायेगा। पत्र क्यों नहीं प्राप्त हुआ इस संबंध में जांच के आदेश दे दिये गये है जिससे कि कोई पत्र ना खोयें। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ड.) उक्त पत्र पर कब तक कार्यवाही करायेंगे? | उपर्युक्तानुसार। |

**असीम अरूण**
**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**